दिन—बुधवार दिनांक— 14 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। संपादक— कृष्ण कुमार लाल
अवधिः— 15 मिनट टंकक— प्रह्लाद कुमार

---

नमस्कार, ये आकाशवाणी पटना है। अब आप **अंशु अवस्थी** से प्रादेशिक समाचार सुनिये। पहले मुख्य समाचार.......

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अठहत्तरवें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर अब से कुछ देर बाद सात बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगी।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल लाल किले की प्राचीर पर राष्ट्रीय ध्वज फहरायेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना के गांधी मैदान में ध्वजारोहण करेंगे।

03. स्वतंत्रता दिवस को देखते हुये पूरे प्रदेश में सुरक्षा के किये गये कड़े इंतजाम। सीमावर्ती इलाकों को किया गया सील।

04. और, मधुबनी चित्रकला की लब्ध प्रतिष्ठित कलाकार और पद्म श्री से सम्मानित गोदावरी दत्ता का आज निधन हो गया।

———————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अब से थोड़ी देर बाद शाम सात बजे अठहत्तरवें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को सम्बोधित करेंगी। उनका यह सम्बोधन आकाशवाणी के समूचे राष्ट्रीय नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। राष्ट्रपति का सम्बोधन दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिन्दी में और उसके बाद अंग्रेज़ी में प्रसारित किया जाएगा। दूरदर्शन पर हिन्दी और अंग्रेज़ी में सम्बोधन के प्रसारण के बाद दूरदर्शन के क्षेत्रीय चैनल भी क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण करेंगे। आकाशवाणी से भी सम्बन्धित क्षेत्रीय नेटवर्क पर रात साढ़े नौ बजे क्षेत्रीय भाषाओं में राष्ट्रपति का सम्बोधन प्रसारित किया जाएगा।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले से 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रध्वज फहराएंगे और देश को संबोधित करेंगे। इस वर्ष के स्वतंत्रता दिवस का विषय विकसित भार एट द रेट दो हजार सैंतालीस है। रक्षा मंत्रालय ने बताया है कि यह समारोह 2047 तक देश को एक विकसित राष्ट्र में बदलने की दिशा में सरकार के प्रयासों को नए सिरे से बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा। इस अवसर पर लाल किले पर आयोजित समारोह देखने के लिए लगभग छह हजार विशेष मेहमानों को आमंत्रित किया गया है। युवाओं, आदिवासी समुदाय, किसानों, महिलाओं और विशिष्ट अतिथियों के रूप में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लोगों को आमंत्रित किया गया है। हाल ही में संपन्न पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय दल को भी समारोह में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया

है। इस भव्य समारोह को देखने के लिए पारंपरिक वेश–भूषा में विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग दो हजार लोगों को भी आमंत्रित किया गया है। माईगोव और आकाशवाणी के सहयोग से रक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित विभिन्न ऑनलाइन प्रतियोगिताओं के तीन हजार विजेता भी समारोह का हिस्सा होंगे। समारोह में देश भर के विभिन्न स्कूलों से कुल दो हजार कैडेट भी भाग लेंगे।

———————————————————————

केंद्र सरकार ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिल्ली के लाल किले पर आयोजित होने वाले समारोह के लिए विशेष अतिथि के रूप में पंचायती राज संस्थाओं के चार सौ निर्वाचित प्रतिनिधियों और राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के एक सौ साठ से अधिक क्षेत्रीय पदाधिकारियों को आमंत्रित किया है।

———बाईट———

विशेष अतिथि के तौर पर आमंत्रित किए गए लोगों में देशभर से पंचायतों की महिला प्रतिनिधि और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के क्षेत्रीय पदाधिकारी शामिल हैं। जो देश में विभिन्न योजनाओं को लागू कर रहे हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के तहत आमंत्रित पदाधिकारी मंत्रालय की कई योजनाओं से संबंधित हैं, जबकि पंचायती–राज मंत्रालय के सभी आमंत्रित व्यक्ति राज्यों की पंचायतों से हैं, विशेष अतिथियों को देश को सशक्त बनाने की दिशा में उनके प्रयासों को सरहाने के साथ–साथ ऐतिहासिक राष्ट्रीय उत्सव का हिस्सा बनने और जीवन भर एक यादगार अनुभव प्रदान करने के लिए आमंत्रित किया गया है। रहीसुद्दीन रिहान, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

———————————————————————

स्वतंत्रता दिवस पर पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित मुख्य राजकीय समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। पटना के गांधी मैदान में आयोजित परेड में बिहार पुलिस, सीआरपीएफ, आईटीबीपी, बीएमपी, होमगार्ड, एनसीसी और भारत स्काउट एंड गाईड के जवान भाग लेंगे। साथ ही तेरह झांकियां भी निकाली जायेंगी। समारोह को देखते हुए पटना में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है। साठ विभिन्न स्थानों पर अंठानवे दंडाधिकारियों के नेतृत्व में सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है। सीसीटीवी कैमरे से गांधी मैदान और आस–पास के इलाकों की निगरानी की जा रही है। गांधी मैदान में चिकित्सा शिविर के साथ ही एम्बुलेंस की भी व्यवस्था की गयी है। स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर कल पटना के ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। कई मार्गों पर बिना पास के वाहनों के परिचालन पर रोक लगा दी गई है। इधर, प्रदेश भर में स्वतंत्रता दिवस को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए दंडाधिकारियों के नेतृत्व में जगह–जगह अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती की गयी है। नेपाल से सटे जिलों की सीमा को सील कर चौकसी बढ़ा दी गयी है।

———————————————————————

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। श्री शाह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा है कि तिरंगा करोड़ों भारतवासियों की एकता, निष्ठा और गौरव के प्रतीक के रूप में सदैव लहराता रहेगा। हर घर तिरंगा अभियान देशवासियों में राष्ट्र भक्ति की भावना बढाने के लिए नौ से पन्द्रह अगस्त तक पूरे देश में मनाया जा रहा है। सरकार ने लोगों से आग्रह किया है कि वे अपने घरों पर तिरंगा फहराएं और तिरंगे के साथ एक सेल्फी लेकर हर घर तिरंगा वेबसाइट पर अपलोड करें।

———————————————————————

इधर, प्रदेश में भी हर घर तिरंगा अभियान को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। स्कूली छात्र भी इसमें बढ़–चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। इस अभियान को लेकर बिहार भाजपा की ओर से प्रदेश भर में तिरंगा यात्रा और रैली निकाली गई। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी लोग तिरंगे के साथ सेल्फी और हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ी तस्वीर भी साझा कर रहे हैं।

———————————————————————

आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस है। इसे उन्नीस सौ सैंतालीस के विभाजन के दौरान विस्थापित और पलायन कर चुके लोगों की याद में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से उन असंख्य लोगों को याद किया है, जो विभाजन की त्रासदी से पीडित और प्रभावित हुए थे। उन्होंने कहा कि आज उन सभी लोगों के साहस को सम्मानित करने का दिन है। सरकार ने विभाजन के दौरान अपनी जान गंवाने वाले और विसथापित हुए लोगों के सम्मान में वर्ष दो हजार इक्कीस में चौदह अगस्त को हर साल विभाजन विभीषिका दिवस मनाने का फैसला किया था।

———————————————————————

प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया गया। दानापुर रेल मंडल द्वारा आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया गया। डीआरएम जयंत कुमार चौधरी ने कहा कि दानापुर, पटना जंक्शन, राजेंद्र नगर समेत कई रेलवे स्टेशनों पर एक विशेष फोटो प्रदर्शनी आयोजित की गई, जिसमें विभाजन से संबंधित तस्वीरें और विवरण प्रदर्शित किए गए। इस अवसर पर डीआरएम ने उपस्थित स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित किया। इधर, समस्तीपुर रेलवे स्टेशन पर भी विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर एक फोटो प्रदर्शनी लगाई गई है। मंडल रेल प्रबंधक विनय

श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य आने वाले पीढ़ियों को यह बताना है कि भारत राष्ट्र का जो निर्माण हुआ है वह हजारों लोगों के बलिदान से हुआ है।

———————————————————————

मधुबनी चित्रकला की लब्ध प्रतिष्ठित कलाकार और पद्म श्री से सम्मानित गोदावरी दत्ता का आज मधुबनी में निधन हो गया। तिरानवे वर्षीय गोदावरी दत्ता पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रही थीं। आकाशवाणी पटना की एक श्रद्धांजलि।

———बाईट———

मिथिला चित्रकला की लब्धप्रतिष्ठ कलाकार पद्मश्री गोदावरी दत्त के निधन से संपूर्ण मिथिला में शोक की लहर दौड़ गई है। 1930 ई में दरभंगा जिले के लहेरियासराय स्थित बहादुरपुर गाँव मे जन्मी गोदावरी दत्त ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से अपने आप को मिथिला पेंटिंग के क्षेत्र में विश्व पटल पर स्थापित किया। 49 हजार से अधिक लोगों को मिथिला चित्रकला सिखाने वाली गोदावरी दत्त को 1980ई मे राष्ट्रीय पुरस्कार, 2006 ईस्वी मे शिल्प गुरु पुरस्कार तथा 2019 ईस्वी में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इनके द्वारा बनाये गये पेंटिंग की देश विदेश मे काफी तारीफ होती है। 93 वर्षीया गोदावरी दत्त पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रही थीं और आज मधुबनी मे उन्होने अंतिम सांस ली।

आकाशवाणी समाचार के लिए दरभंगा से मैं मणिकांत झा।

गोदावरी दत्ता के निधन पर राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्र, जदयू सांसद संजय झा समेत कई गणमान्य लोगों ने गहरी संवेदना जताई है।

———————————————————————

राज्यसभा की बारह सीटों पर उप चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया आज से शुरू हो गयी है। इनमें बिहार की दो सीटें भी शामिल हैं। गौरतलब है कि पाटलिपुत्र सीट से राजद की मीसा भारती और नवादा से भाजपा के विवेक ठाकुर के लोकसभा चुनावों में विजयी रहने के बाद ये सीट रिक्त हो गयी हैं। उप चुनाव के लिए नामांकन की अंतिम तारीख इक्कीस अगस्त है। नामांकन पत्रों की जांच बाईस अगस्त को की जाएगी। बिहार से राज्यसभा सीट के प्रत्याशी सत्ताईस अगस्त तक नामांकन वापस ले सकते हैं। मतदान तीन सितम्बर को होगा और उसी दिन मतों की गणना भी की जाएगी। इधर, एनडीए ने उपेन्द्र कुशवाहा को राज्सभा उपचुनाव के लिए उम्मीदवार घोषित किया है।

———————————————————————

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र और पड़ोसी राज्यों में हो रही भारी बारिश के चलते प्रदेश की अधिकांश नदियां उफान पर है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर पटना के दीघा घाट, गांधी घाट और हाथीदह में लाल

निशान से ऊपर बह रही है। हमारे संवाददाता ने बताया कि भागलपुर जिले में भी गंगा के ज स्तर में लगातार वृद्धि हो रही है।

---बाईट---

गंगा में उफान से भागलपुर शहर से सटे इलाकों में रहने वाले लोगो की परेशानी बढ़ गई है। बाढ़ का पानी नाथनगर प्रखंड अंतर्गत श्री रामपुर गोसाइदास पुर मुख्य सड़क पर चढ़ गया है। नाथनगर प्रखंड के रत्तिपुर बैरिया, अजमेरिपुर, बिंद टोली, श्री रामपुर समेत आसपास के कई गांवों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया गया है। एन एच 80 पर पानी का दवाब बढने से कई जगह दरार पड़ गया है। लोग ऊंचे स्थान की ओर शरण ले रहे हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए भागलपुर से विनोद कुमार।

पुनपुन नदी का जलस्तर पटना के श्रीपालपुर में खतरे के निशान के तेईस सेंटीमीटर ऊपर बना हुआ है। घाघरा नदी का जलस्तर सीवान के दरौली और गंगपुर सिसवन में लाल निशान से ऊपर बनी हुई है। उधर, गंडक नदी गोपालगंज के डुमरियाघाट में बीस सेंटीमीटर, बूढ़ी गंडक नदी का जलस्तर खगड़िया में खतरे के निशान से अंठानवे सेंटीमीटर ऊपर जबकि बागमती नदी का जलस्तर मुजफ्फरपुर के बेनीबाद में खतरे के निशान से चौरानवे सेंटीमीटर ऊपर है। कोसी नदी कटिहार के कुर्सेला में खतरे के निशान से तिरानवे सेंटीमीटर और खगड़िया के बलतारा में एक सौ सत्ताईस सेंटीमीटर ऊपर बह रही है।

---

मानसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बतायाकि ने अगले पाँच दिनों तक राज्य के अधिकांश भागों में हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। वहीं, राज्य के दक्षिण–पश्चिम भाग के एक या दो स्थानों पर भारी बारिश की सम्भावना जतायी है।

---बाईट---

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिम चम्पारण के पीपराकोठी में सबसे अधिक इक्यानवे दशमलव चार मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। वहीं, शिवहर के डुमरी में नब्बे दशमलव आठ, सीतामढ़ी के बोखरा में छियासी दशमलव छह, शिवहर में पचासी दशमलव आठ और दरभंगा के बेनीबाद में पचासी मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई।

---

हज यात्रा वर्ष दो हजार पच्चीस के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है। हज यात्रा पर जाने के इच्छुक लोग नौ सितम्बर तक आवेदन कर सकते हैं। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्यमंत्री किरेन रिजिजू और राज्य मंत्री जार्ज कुरियन ने नई दिल्ली में

आवेदन प्रक्रिया की शुरूआत की। इस अवसर पर श्री रिजिजू ने कहा कि सऊदी अरब ने भारत के लिए एक लाख पचहत्तर हजार से अधिक हज यात्रियों का कोटा निर्धारित किया है। उन्होंने बताया कि पहली बार भारतीय हज कमेटी की वेबसाइट के अलावा हज सुविधा ऐप के माध्यम से भी आवेदन जमा किए जा सकते हैं।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर....

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अठहत्तरवें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर अब से कुछ देर बाद सात बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगी।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल लाल किले की प्राचीर पर राष्ट्रीय ध्वज फहरायेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना के गांधी मैदान में ध्वजारोहण करेंगे।

03. स्वतंत्रता दिवस को देखते हुये पूरे प्रदेश में सुरक्षा के किये गये कड़े इंतजाम। सीमावर्ती इलाकों को किया गया सील।

04. और, मधुबनी चित्रकला की लब्ध प्रतिष्ठित कलाकार और पद्म श्री से सम्मानित गोदावरी दत्ता का आज निधन हो गया।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।